**24U1097**

Reg. No………………………………………. Name……………………………………………………

**BBA DEGREE END SEMESTER EXAMINATION - JANUARY 2025**

**UGP (HONS.) SEMESTER - 1: ABILITY ENHANCEMENT COURSE (HINDI FOR BBA)**

**COURSE: 24UHINAEC103: DRAMA AND COMMUNICATIVE HINDI**

*(For Regular 2024 Admission)*

Time: 1.5 Hours Max. Marks : 50

**PART - A**

**I. किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।**

1. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का परिचय दीजिए।
2. 'अब गरीबी हटाओ' नाटक में चित्रित मुख्य समस्या क्या है ?
3. आदमी राजा से किस प्रकार का हक़ चाहता है ?
4. वार्तालाप पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

   राजू : हरीश! आज से छुट्टी शुरू हो गई। मैं दादी के यहाँ मुंबई जा रहा हूँ। तुम कहाँ जा रहे हो?

   हरीश : अरे ! राजू क्या बताऊँ! मैं भी छुट्टियों में मस्ती करना चाहता था। पर क्या करूँ? मेरे चाचा बीमार हैं। उन्हें दिल्ली इलाज के लिए ले गए हैं। मैं भी वहीं जा रहा हूँ।

   (क) राजू कहाँ जा रहा है?

   (ख) हरीश दिल्ली क्यों जा रहा है ?
5. नीचे दिए गए चरित्रगत विशेषताओं से दारोगा की विशेषताएँ चुनकर लिखिए।
   - गरीबों की सहायता करनेवाला।
   - गरीबों पर अन्याय करनेवाला।
   - ईमानदार और मासूम।
   - औरतों पर अत्याचार करनेवाला।
6. गरीबन के चरित्र का मूल्यांकन करें। वह किस प्रकार की महिला है ?
7. गाँव की मुख्य समस्या क्या थी ? व्यक्त कीजिए।

(2 x 5 = 10)

**PART – B**

**II. किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए।**

8. अध्यापक और छात्र के बीच का वार्तालाप लिखिए।
9. नेताजी 'गरीबी हटाओ' नाटक क्यों करवाना चाहते हैं ?
10. व्याख्या कीजिए।

    "उनकी जमीन नहीं है गाँव में। कहाँ खोदेंगे? फिर कुआँ खुदवा देंगे तो साले सिर पर चढ़ने लगेंगे। बराबरी का हवस जाग जाएगी। वैसे उनका कलम ठीक चल रहा है, कोई तकलीफ नहीं है।"

11. नीचे दिए गए बिंदुओं के आधार पर सरपंच का चरित्र चित्रण कीजिए।
गाँव का प्रमुख, स्वार्थी एवं स्त्री लंपड़ , जातीयता को बढ़ावा देनेवाला, झूठे वादे देनेवाला, अन्याय एवं अत्याचार में व्यतीत
12. नीचे दिए गए बिंदुओं के आधार पर बैंक अधिकारी के साथ वार्तालाप लिखिए।
संबोधन,बचत खाता ,डॉक्यूमेंट्स,प्रक्रिया,न्यूनतम बैलेंस की पूछदारी ,कृतज्ञता ज्ञापन
13. आपको 'गरीबी हटाओ' नाटक में किस पात्र का चरित्र सबसे प्रभावशाली लगा और क्यों ?

(5 x 4=20)

**PART-C**

**III. किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए।**

14. 'अब गरीबी हटाओ' नाटक में चित्रित शोषण व्यवस्था पर लेख लिखिए।
15. ग्राहक और सेवा प्रतिनिधि के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।
16. एजुकेशन लोन केलिए बैंक मैनेजर के साथ वार्तालाप तैयार कीजिए।
17. नाटक के अंश पढ़कर उत्तर लिखिए।

'गरीबन का पुरवा' के प्यारे भाइयों और बहनों ! हरिजन हरि का जन होता है जैसे हरि का स्मरण हम हर वक्त करते हैं वैसे आप हरिजनों का। आप हमारे हरि हैं। हमें सरपंच जी ने बताया, जहाँ पीने के पानी की कमी है। कुआँ नहीं है। हमने कृषि मंत्री से कहा है कि वह इसकी व्यवस्था करें। आपकी गरीबी हमसे छुपी नहीं। हमारा देश गरीब है, गरीबी हटाना हमारा पहला काम है, हमारी प्राथमिकता है। हम सबको मिलकर गरीबी हटानी चाहिए। आप पूछेंगे गरीबी कैसे हटेगी ? गरीबी हटेगी मेहनत करके, उद्योग-धंधों को बढ़ावा देकर। हम गरीबी हटाने के लिए एक अलग मंत्रालय ही बना रहे हैं- गरीबी हटाओ मंत्रालय। हरिजनों के कल्याण के लिए हरिजन कल्याण मंत्रालय का भी काम हो रहा है। यह मंत्रालय सीधे मेरी देख-रेख में रहेंगे। दोनों मंत्रालयों की राजधानी में इमारतें बननी शुरू हो गई हैं। काफी काम हो रहा है। समितियाँ नियुक्त कर दी गई हैं।

अ) गरीबी किस प्रकार हटेगी ?

आ) हरिजनों के कल्याण केलिए मुख्यमंत्री ने क्या सोचा है ?

इ) प्रस्तुत वाक्यांश का सारांश क्या है ?

ई) प्रस्तुत नाटक के आधार पर राजनेताओं के भ्रष्टाचार का चित्रण कीजिए।

उ) वाक्यांश में हरिजन की क्या परिभाषा दी गयी है ?

(10 x 2 = 20)